संख्या 3442/इक्कीस–8/2014–15–जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर द्वारा उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 239(2) के साथ पठित अधिनियम की धारा 143 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद ऊधमसिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्रों/ग्रामीण बाजारों में व्यापारिक, व्यवसायिक भवनों तथा दुकान, होटल, पंचसितारा होटल, तीनसितारा होटल, रैस्टोरेन्ट, व्यवसायिक बारात घर, रिर्सोट, मॉल, मैरिज पैलेस, व्यवसायिक गेस्ट व रेस्ट हाउस, व्यवसायिक कॉलोनी एवं कॉलोनी काटना, कॉलोनी के अन्तर्गत मार्गों का निर्माण करना, विद्युतीकरण एवं सीवर की अनुमति, रज्जु मार्ग पर आदि निर्माण कार्य का नक्शा अनुमोदन करवाने निमित्त ले–आउट प्लॉन एवं भवन प्लॉन एवं निर्मित भवनों परिवर्तन, परिवर्धन, विस्तार को नियन्त्रित एवं विनियन्त्रित करने हेतु निम्नलिखित उपविधियाँ बनायी हैं जो कि राजकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी :–

उपविधियाँ

1. यह उपविधियाँ जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर की लेआउट प्लॉन एवं व्यवसायिक भवन प्लॉन एवं निर्मित प्रतिष्ठानों, भवनों के परिवर्तन, परिवर्धन, विस्तार की उपविधियाँ कहलायेगी।

परिभाषाएँ–

1. अधिनियम का तात्पर्य उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 से है।
2. "ग्राम्य क्षेत्र से तात्पर्य जिले में अधिसूचित नगर निगम, नगरपालिका परिषद्, नगर पंचायत, छावनी क्षेत्र की सीमा से बाहर स्थित एवं किसी विकास प्राधिकरण अथवा R.BO. Act, 1960 से आच्छादित क्षेत्र से भिन्न क्षेत्र से है।"
3. मानचित्र से तात्पर्य भवन के ड्राइंग, डिजाइन एवं विशिष्टियों के अनुसार कागज/इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस पर बने उस नक्शे से है, जो कि पंजीकृत वास्तुविद् के द्वारा बनाकर प्रस्तुत किया गया हो एवं डिजाइन योग्य (Elegible) अभियन्ता द्वारा तैयार किया गया हो।
4. निर्माण कार्य का तात्पर्य किसी व्यवसायिक भवन का निर्माण करना, पुनः निर्माण करना या उसमें सारवान विचलन करना या उसको ध्वस्त करने से है।
5. ड्रेनेज का तात्पर्य उस व्यवस्था से है, जिसका निर्माण किसी तरल पदार्थ जैसे रसोई, स्नानगृह से विसृजित पानी आदि को हटाने के लिए किया जाता है, इसके अन्तर्गत नाली व पाईप भी सम्मिलित है।
6. भू–आच्छादन (Ground Coverage) का तात्पर्य भू–तल पर बने सभी निर्माण द्वारा घेरे गये क्षेत्रफल से है।

7. अस्थाई निर्माण का तात्पर्य ऐसे निर्माण से है जो लेन्टर से अतिरिक्त भाग पर किसी अन्य समाग्री से ढका एवं निर्मित हो।

8. ग्रुप हाउसिंग का तात्पर्य उस परिसर से है जिसके अन्दर आवासीय फ्लैट अथवा स्वतन्त्र आवासीय, (Independent Apartment Unit) ईकाई बनी हो तथा मूल सुविधाओं जैसे पार्किंग, पार्क, बाजार,जनसुविधाऐं आदि का प्राविधान हो।

9. ले आउट प्लान का तात्पर्य उस नक्शे से है जो कि स्थल के समस्त भू–खण्ड,भवन खण्ड, मार्ग खुली जगह,आने–जाने के बिन्दु, पार्किंग व्यवस्था, भू–निर्माण,(Lands caping) अथवा विभिन्न आकार की प्लाटिंग की समस्त जानकारी व अन्य विवरण को इंगित करने वाला प्लान से है।

10. प्राविधिक (Technical) व्यक्ति का तात्पर्य निम्नलिखित से है।

अ– अभियन्ता, अवर अभियन्ता, ड्राफ्टमैन जिला पंचायत उधम सिंह नगर से है ।

ब– इस उपविधि में अभियन्ता, अवर अभियन्ता,ड्राफ्टमैन का तात्पर्य उस अभियन्ता ,अवर अभियन्ता,ड्राफ्टमैन से है जिसको अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत उधम सिंह नगर द्वारा भवन के नक्शों की विषयगत उददेश्य के लिए परीक्षणोपरान्त स्वीकृति हेतु अग्रसारित करने हेतु निर्देशित/आर्देशित किया गया हो।

11. कार्य अधिकारी का तात्पर्य – कार्य अधिकारी जिला पंचायत उधम सिंह नगर अथवा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उधम सिंह नगर द्वारा अधिकृत उस कार्मिक से है जो विषयगत उद्देदश्य के लिए पत्रावली प्रस्तुत कर समस्त कार्यवाही के उपरान्त अन्तिम रूप से स्वीकृति हेतु प्रमाण पत्र निर्गत कराने की कार्यवाही करें।

12. अपर मुख्य अधिकारी का तात्पर्य अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत उधम सिंह नगर से है।

13. जिला पंचायत का तात्पर्य अधिनियम की धारा 17 (1)जिला पंचायत उधम सिंह नगर से है।

14. अध्यक्ष का तात्पर्य अध्यक्ष जिला पंचायत, उधम सिंह नगर से है।

15. बहुमंजिल भवन (Multy storey) चार मंजिल अथवा 15 मीटर से अधिक उॅचाई का भवन बहुमंजिल कहलायेगा।

16. .भवन का तात्पर्य ऐसी स्थायी प्रकृति के निर्माण अथवा संरचना से है, जो किसी भी प्रकार की सामग्री से निर्माण किया जाय, एवं उसक प्रत्येक भाग चाहें मानव प्रयोग या अन्यथा किसी प्रयोग में लाया जा रहा हो एवं उसके अन्तर्गत बुनियाद, कुर्सी, क्षेत्र, दीवार, फर्श, छत, चिमनी, पानी की व्यवस्था, स्थाई प्लैट फार्म, बरान्डा बॉलकॉनी, कार्नस या छज्जा या भवन का अन्य भाग जो किसी खुले भू–भाग को ढकने के उददेश्य से बनाया जायेगा। इसके अन्तर्गत टैण्ट, शामियाना, तिरपाल आदि जो कि पूर्णतः अस्थायी रूप से किसी समारोह के लिए लगाये जाते हैं वह भवन की परिभाषा में सम्मिलित नहीं होगें,

17. व्यससायिक/वाणिज्यिक भवन के अन्तर्गत वे भवन या भवन का वह भाग जो दुकानों, भण्डारण बाजार, व्यवसायिक वस्तुओं की प्रदर्शन, थोक या फुटकर बिक्री, व्यवसाय से सम्बन्धित कार्य–कलाप होटल, पेट्रोल पम्प, कनबीनिएन्स स्टोर एवं सुविधाऐं जो माल व्यवसायिक माल की बिक्री से अनुशांकिग हो और किसी भवन में स्थिति हों, सम्मिलित होंगे अथवा ऐसी भवन/स्थल जिनका प्रयोग धर्नोपार्जन हेतु किया जाना हो।

18. कोई भी व्यक्ति फर्म, संस्था आदि जिला पंचायत उधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारिक, व्यवसायिक उददेश्य से भवन निर्माण, दुकान, होटल,चूना, घरों, रज्जु मार्ग निर्माण आदि तब तक नहीं कर सकेगा जब तक उस व्यक्ति, फर्म, संस्था, समिति के पास जिला पंचायत उधम सिंह नगर से उसका नक्शा उपविधियों के अधीन स्वीकृत न करवा लिया गया हो।

19. जनपद उधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारिक, व्यवसायिक उददेश्य से निर्मित किये जाने वाले होटल, दुकान, भवन, इमारत, रज्जुमार्ग पर तथा मनोरंजन केन्द्र आदि के निर्माण में निम्नलिखित शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा।

(क) प्रार्थना पत्र, भू–अभिलेख व नक्शे

उक्त ग्राम्य क्षेत्र में कोई भी नया निर्माण, पूराने भवन में परिर्वतन या परिवर्धन, विस्तार या भू–खण्ड के लेआउट की स्वीकृति का आशय रखने वाला स्वामी इन उपविधियों के अनुसार ऐसा करने से एक माह पहले अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उधम सिंह नगर को एक आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख तथा सूचनायें प्रस्तुत करेगा–

1– स्थल का नक्शा दिया जायेगा–
लेआउट प्लान का नक्शा।
बिल्डिंग प्लान में सैक्सन, साईट प्लान, एलीवेशन, फाउण्डेशन सैक्सन आदि का उल्लेख ।
स्थल के चारों तरफ की सीमायें उनके नाम तथा समीपवर्ती भूमि का संक्षिप्त विवरण तथा भूमि मालिक का नाम।
समीपवर्ती मार्ग अथवा मार्गों का विवरण तथा निर्माणाधीन भवन से मार्ग की दूरी।
स्थल के नक्शे के साथ भूमि के स्वामित्व का प्रमाण पत्र जैसे विक्रय आलेख, दाखिल खारिज, खतौनी आलेख, भूमि के अकृर्षित होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया आलेख आदि।

अ. नक्शें पर भू–स्वामी अथवा स्वामियों के नाम व पता सहित हस्ताक्षर।

ब. भवन/परियोजना के बनाने व उपयोग का उददेश्य जैसे व्यवसायिक, शिक्षण, अथवा व्यवसायिक शिक्षण भवन आदि।

स– नक्शे पर भूखण्ड का क्षेत्रफल, ग्राउण्ड कवरेज, हर तल का क्षेत्रफल, बेसमैंट का क्षेत्रफल, आदि का विवरणं।

द–अग्निशमन प्रणाली की व्यवस्था आपात सीढ़ी व निकासी, अग्निसुरक्षा लिफ्ट, अग्निअलार्म आदि का विवरण व ठिकाने (Location)

2– भूमि जिला पंचायत उधम सिंह नगर के स्वामित्व की न हो से सम्बन्धित विवरण/टिप्पणी एवं भू–स्वामी जिला पंचायत उधम सिंह नगर का अवैध कब्जाधारी तथा जिला पंचायत उधम सिंह नगर के देयकों से मुक्त होने का विवरण/टिप्पणी।

3– तीन मंजिल से अधिक का प्रार्थना पत्र देने वाले भू–स्वामी या इस प्रकार भविष्य में प्राविधान रखने का प्रार्थन पत्र प्रस्तुत करने वाले भू–स्वामी/आवेदक को भूमि की भार वाहन क्षमता का अधिकृत/पंजिकृत फर्म/संस्था अथवा सक्षम प्राधिकारी के द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

4– प्रार्थना पत्र पर सम्बन्धित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य की संस्तुति अधिकतम एक सप्ताह के भीतर एवं सदस्य की संस्तुति न होने पर अध्यक्ष जिला पंचायत उधम सिंह नगर की अनुमति अधिकतम 15 दिन के भीतर प्राप्त कराना आवश्यक होगा। निर्धारित समय में संस्तुति/अनुमति प्राप्त न होने पर स्वतः ही अनुमति स्वीकार्य होगी।

(ख) तकनीकी अनुदेश (Technical Instructions)

1– बहु मंजिली भवन में चार तलों के बाद एक सेवा तल अनुमन्य होगा किसी भवन में अधिकतम 3 सेवा तल का प्रावधान किया जा सकता है सेवा तल की अधिकतम ऊँचाई 2.4 मीटर होगी।

2– भूकम्प रौधी व सुरक्षित डिजाईन की जिम्मेदारी वास्तुविद एवं उसके अन्तर्गत कार्यरत डिजाईनर की होगी।

3– स्वीकृत किये गये भवन में जल आपूर्ति एवं मल–मूत्र एवं बेकार पानी के निस्तारण (Disposal) की व्यवस्था स्वामी द्वारा स्वयं की जायेगी जिला पंचायत का इसके लिए कोई उत्तरदायित्व व्यय अधिभार नहीं होगा।

4– बेसमेंट में इलैक्ट्रिक ट्रांसफार्मर की स्थापना ज्वलनशील, विस्फोटक सामग्री आदि का भण्डारण नहीं किया जा सकेगा।

(ग) रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

भवन एवं पक्की सडको के द्वारा भूखण्ड के प्रत्येक 300वर्ग मीटर के भू–आच्छादन (Ground Coverage) पर एक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होगा। प्रत्येक 1000वर्ग मीटर के भू–आच्छादन (Ground Coverage) पर एक अतिरिक्त रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम स्थापित करना होगा।

(घ) नक्शे स्वीकृति की दरें

1– व्यवसायिक शैक्षणिक, एवं चिकित्सीय भवन उधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी तलों पर लेन्टर से ढके भाग पर एवं अस्थाई निर्माण के ढके भाग पर 10 रूपये प्रति वर्गफीट होगी।

2– व्यावसायिक एवं व्यापारिक भवन/प्रतिष्ठान उधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी तलों पर लेन्टर से ढके भाग पर एवं अस्थाई निर्माण के ढके भाग पर 20 रूपये प्रतिवर्ग फिट होगी।

3– तीन मंजिल से अधिक के सभी प्रति तलों पर लेन्टर से ढके भाग पर एवं अस्थाई निर्माण के ढके भाग पर दरों में रूपये 2.00 प्रति वर्गफीट की अतिरिक्त वृद्धि होगी।

4–(I) भूमि की प्लाटिंग –भूमि को योजनाबद्व तरीके से विभिन्न आकार के प्लाटों में बॉटना।

(II)भूमि विकास– भूमि पर योजनाबद्व तरीके से पार्क बनाना, नर्सरी लगाना, शादी बैंकट हाल आदि।

(III)भूमि का उपभोग– भूमि का विभिन्न प्रकार के सामानों के भण्डारण हेतु प्रयोग करना जैसे निर्माण सामग्री, केंटेनर, ईधन आर0सी0सी0 पाईप आदि।

(IV) भूमि की प्लाटिंग निर्धारित उपविधि/उपनियमों के अनुसार करना जिसमें ले आउट प्लान का पैमान निर्धारित कर नक्शा तैयार करना, चारों तरफ की सीमाऐं उनके नाम समीवर्ती भूमि का संक्षिप्त विवरण तथा मालिक का नाम अंकित करना तथा ले आउट प्लान में प्लोर प्लान, ऐलीवेशन, भवन की उँचाई, सक्सेन, स्ट्रक्चर विवरण, रैन हार्वेस्टिंग प्रणाली,

बेसमैंट, सिवेज, जल निस्तारण व्यवस्था, अग्नि निकास जीने की स्थिति,नालियों का निर्माण, विद्युत की व्यवस्था, मार्गो का निर्माण (डामरीकरण अथवा आर.सी.सी.मार्ग निर्माण) जिनकी चौडाई 15 फिट से कम न हो, कूड़ादान आदि की व्यवस्था करनी होगी।

(V)किसी परियोजना का ले आउट प्लान (तलपट मानचित्र) उपरोक्त घ के क्रमांक 4–(I) से (IV) तक उधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में 5 रूपये प्रति वर्ग फीट, होगी।

5– पुराने भवन को ध्वस्त करने के पश्चात पुनः निर्माण करने की दशा में अनुज्ञा शुल्क की दरें नये भवन की दरों के समान होगी।

6– स्वीकृत भवन के नक्शे में संशोधन होने की दशा में अनुज्ञा शुल्क की दरें नये भवन की दरों की 1/2 होगी।

7– यदि स्वीकृति के नवीनीकरण का आवेदन, अनुज्ञा अवधि समाप्ति से पूर्व किया जाता है तो स्वीकृति के नवीनीकरण की दरें मूल दरों की 20प्रतिशत होगी। एक बार में अनुज्ञा की अवधि एक वर्ष व अधिकतम तीन वर्ष तक बढाई जा सकती है। अनुज्ञा अवधि समाप्ति के पश्चात नवीनीकरण की दरें मूल दरों की 50प्रतिशत होगी।

8– उपविधियों के अनुसार जिला पंचायत से नक्शों की स्वीकृति के बिना निर्माण करने, किसी भूमि पर व्यवसाय करने, स्वीकृत नक्शे से इतर निर्माण करने, अथवा जिला पंचायत उपविधि की किसी धारा या उपधारा का उल्लंघन करने पर अर्थ दण्ड के रूप में समझौता शुल्क (Compounding Fees) रोपित किया जायेगा। समझौता शुल्क (Compounding Fees) प्रस्तावित भवन अथवा ले आउट प्लान (तलपट मानचित्र) पर परिस्थिति अनुसार कुल शुल्क की गणना का कम से कम 20प्रतिशत से अधिकतम 50 प्रतिशत अतिरिक्त होगा। समझौता शुल्क (Compounding Fees) विभाग में जमा होने के उपरान्त पूर्व में निर्मित भवन के नक्शों की स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। समझौते की कार्यवाही जिला पंचायत अधिनियम की धारा 248 में दी गयी व्यवस्था से नियन्त्रित होगी।

(ड) अनुज्ञा पत्र जारी करने की प्रकिया

1– स्वामी द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रस्तावित भवन/परियोजना के नक्शे एवं स्वामित्व के भू–अभिलेख अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उधम सिंह नगर के कार्यालय में स्वंय अथवा सम्बन्धित माध्यम द्वारा जमा किये जायेंगे एवं आवेदक को इस प्रस्तुतिकरण की दिनांकित पावती दी जायेगी।

2– ऐसे आवेदन पत्र एवं उसके साथ संलग्नकों को अपर मुख्य अधिकारी तत्काल कार्य अधिकारी को भू अभिलेखों के परीक्षण हेतु पृष्ठांकित कर देगा।

3– कार्य अधिकारी ऐसे प्राप्त आवेदन पर उपरोक्त कार्यवाही अधिकतम एक सप्ताह में पूर्ण करके सम्बन्धित अभिलेखा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उधम सिंह नगर को प्रस्तुत कर देगा, कार्य अधिकारी की तैनाती न होने की दशा में उपरोक्त कार्यवाही अपर मुख्य अधिकारी द्वारा स्वयं या उनके द्वारा नामित कर्मी द्वारा की जायेगी।

4– कार्य अधिकारी से प्राप्त आख्या को अपर मुख्य अधिकारी तत्काल अभियन्ता, जिला पंचायत उधम सिंह नगर को पृष्ठांकित कर देगा।

5– अभियन्ता द्वारा स्वंय अथवा प्रस्तावित परियोजना के स्थलीय सर्वेक्षण हेतु अवर अभियन्ता जिला पंचायत उधम सिंह नगर को स्थल के सर्वेक्षण हेतु(Designated) आदेशित किया जायेगा।

6– अवर अभियन्ता जिला पंचायत उधम सिंह नगर द्वारा स्थल सर्वेक्षण की आख्या अभियन्ता, जिला पंचायत उधम सिंह नगर को अधिकतम एक सप्ताह में प्रस्तुत की जायेगी।

7– अवर अभियन्ता से सर्वेक्षण आख्या प्राप्त होने के उपरान्त, बहुमंजिली भवन, व्यवसायिक भवन एवं शैक्षणिक भवन अथवा अन्य महत्वपूर्ण परियोजना के नक्शा पारित करने से पहले अभियन्ता जिला पंचायत द्वारा प्रस्तावित परियोजना के स्थल का सर्वेक्षण करना अनिवार्य होगा।

8– अभियन्ता द्वारा स्थल की सर्वेक्षण आख्या प्रस्तुत करने के उपरान्त सर्वेक्षण आख्या का परीक्षण किया जायेगा परियोजना के नक्शों की स्वीकृति हेतु अवर अभियन्ता से एक अंतरिम शुल्क की गणना करके अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को अधिकतम दो सप्ताह में सूचित किया जायेगा। आवेदक द्वारा आगणित अन्तरिम शुल्क की 20 प्रतिशत धनराशि अग्रिम रूप से नोटिस प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर जमा की जायेगी। प्रतिबंध यह है कि नक्शा पारित होने के स्तर पर आवेदक मांग पत्र के अनुसार निर्धारित अवधि में यदि शुल्क जमा करता है तो उक्त धनराशि समायोजित (Adjust) हो जायेगी। अन्यथा की दशा में जमा धनराशि जब्त हो जायेगी।

9– अभियन्ता द्वारा परियोजना तकनीकि दृष्टि से सुस्थित (Sound) पाये जाने पर अपनी तकनीकि आख्या अपर मुख्य अधिकारी को प्रस्तुत करनी होगी। अवर अभियन्ता से आंगणित शुल्क की धनराशि का विवरण प्रतिपरीक्षण (CrossVerification) कराके तकनीकि आख्या अधिकतम दो सप्ताह में संलग्न करना होगा।

10– अपर मुख्य अधिकारी उक्त आख्या प्राप्त होने पर कार्य अधिकारी एवं अभियन्ता द्वारा प्राप्त आख्याओं का परीक्षण करके आवेदक को शुल्क जमा करने का माग पत्र जारी करेंगे। जिसमें आवेदक को मांग पत्र जारी होने की तिथि से शुल्क जमा करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया जायेगा।

11– आवेदक द्वारा नक्शा शुल्क निर्धारित समय में जमा करना होगा। जिला निधि की रोकड़ बही में शुल्क की प्रविष्टि के उपरान्त अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उधम सिंह नगर द्वारा नक्शे की स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

12– उपरोक्त समस्त कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त आवेदक को अनुज्ञा पत्र, अपर मुख्य अधिकारी एवं अभियन्ता के संयुक्त हस्ताक्षर से आवश्यक शर्तो के साथ संस्तुति करने के पश्चात, अध्यक्ष जिला पंचायत, की स्वीकृति एवं अनुमोदन पर जारी किया जायेगा। नक्शे पर अपर मुख्य अधिकारी एवं अभियन्ता द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

13– यदि जिला पंचायत द्वारा आवेदन प्राप्ति के तीन माह के भीतर आवेदक को कोई सूचना अथवा शुल्क की मांग पत्र जारी नहीं किया जाता है तो आवेदक द्वारा निर्धारित दो माह की अवधि की समाप्ति के दिनॉक से 20 दिन के भीतर प्रकरण अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत उधम सिंह नगर के संज्ञान में लिखित रूप से लाया जायेगा। यदि इस पर भी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उधम सिंह नगर द्वारा 10 दिन में कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो नक्शे हेतु उपविधि में दी गयी दर से आंगणित निर्धारित शुल्क की धनराशि जमा करने के उपरान्त आवेदक द्वारा प्रस्तुत वास्तुविद से तैयार कराया गया नक्शा स्वीकृत माना जायेगा।

14–कथित नक्शा स्वीकृत कराने के कार्य के लिए समस्त औपचारिकताओं के साथ सम्बन्धित व्यक्ति/फर्म/व्यवसायी/व्यापारिक/प्रतिष्ठान स्वामी से आवेदन मय संलग्नकों के अपनी संस्तुति के साथऐसा ठेकेदार/वास्तुविद आवेदक का आवेदन पत्र जिला पंचायत उधम सिंह नगर में प्रस्तुत करेगा जिसे जिला पंचायत उधम सिंह नगर द्वारा इस हेतु **एक निश्चित अवधि जो की तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी के लिए जनपदवार अथवा विकास खण्डवार जेसा भी अध्यक्ष जिला पंचायत उधम सिंह नगर निश्चित करेगें** सार्वजनिक नीलामी पद्वति से उपविधि/जिला पंचायत की शर्तो के अधीन अधिकृत किया गया हो, और इस प्रयोजन हेतु अधिकृत ठेकेदार को नक्शा स्वीकृति हेतु आगणित कुल आंगणन की धनराशि का 10 प्रतिशत अधिकतम तक की दर से धनराशि का भुगतान जिला पंचायत उधम सिंह नगर द्वारा किया जा सकेगा। सार्वजनिक नीलामी पद्वति से अधिकृत ठेकेदार/वास्तुविद की उक्त प्रतिशत की दर की न्यूनतम धनराशि को वरीयता दी जायेगी। यह कार्य अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उधम सिंह नगर द्वारा अधिकृत कर्मियों द्वारा कराया जायेगा जिन्हें पृथक से कोई अधिभार अनुमन्य नहीं होंगा।

विवाद– उक्त कार्यवाही में किसी भी विवाद होने की दशा में या स्वीकृति नक्शा किन्हीं कारणों से निरस्त होने की दशा में या ऐसी कार्यवाही उत्पन्न होने के दिनांक से 30 दिन के भीतर प्रकरण अध्यक्ष जिला पंचायत को संदर्भित किया जायेगा। जिसमें उनको अपना अनुदेश ऐसे प्रकरण की प्राप्ति के 30 दिन के भीतर देना होगा। एवं उनका यह आदेश अभयपक्षों पर बन्धनकारी होगा।

दण्ड

क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम (1961 यथा संशोधित) जैसाकि अध्यावधि संशोधन की धारा 240 द्वारा प्रदत्त अधिकार का निर्वाहन करते हुए जिला पंचायत उधम सिंह नगर निर्देश दे सकती है कि इन उपविधियों में से किसी उपविधि का आंशिक अथवा पूर्ण रूपेण उल्लघंन अर्थदण्ड से दण्ड्य होगा जो (एक हजार रूपये) 1000.00 रू0 तक हो सकता है और ऐसा उल्लंघन जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थदण्ड से दण्ड्य होगा जो प्रथम दोषसिद्धि के पश्चात होने के ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये की उसमें अपराधी अपराध करता रहा है रूपये 50.00 के अर्थ दण्ड से दण्ड्य हो सकेगा अथवा अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर कारावास से दण्डनीय होगा जो कि तीन माह तक का हो सकेगा।

ह0 (अस्पष्ट),
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर।

ह0 (अस्पष्ट),
अध्यक्ष,
जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर।

कार्यालय जिला पंचायत, चम्पावत

सूचना

30 सितम्बर, 2015 ई0

संख्या 3447/इक्कीस–8/2013–14–जिला पंचायत, चम्पावत द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत सभी प्रकार की दुकानों एवं व्यवसायों आदि को विनियमित एवं नियन्त्रित करने हेतु उपविधियाँ बनायी गई थी। जिनका प्रकाशन उत्तराखण्ड गजट में विज्ञप्ति संख्या 1420/इक्कीस–19/2005–06, दिनांक 28 मई, 2006 द्वारा हुआ है। इन उपविधियों में लाइसेन्स की दरों पर संशोधन प्रस्तावित किये जा रहे हैं। जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो प्रकाशन की तिथि के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव, अध्यक्ष, जिला पंचायत, चम्पावत को भेज सकते हैं। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों/सुझावों पर कोई विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। उक्त दरें शासकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होंगी। लाइसेन्स प्रत्येक वर्ष अप्रैल से 31 मार्च तक की अवधि के लिये बनेंगे।

क्र0 सं0	व्यवसाय	वर्तमान वार्षिक लाइसेन्स शुल्क (₹ में)	संशोधित दरें (वार्षिक लाइसेंन्स शुल्क) (₹ में)
1	2	3	4
1.	ठेकेदारी लाइसेन्स शुल्क–		
	(अ) प्रथम श्रेणी (10 लाख से ऊपर के कार्यों हेतु)	1,500.00	2,000.00
	(ब) द्वितीय श्रेणी (10 लाख तक के कार्यों हेतु)	1,000.00	1,500.00
2.	पशु वधशाला एवं मांस विक्रय–		
	(क) मांस विक्रय भेड़, बकरी, सुअर आदि	300.00	400.00
	(ख) मांस विक्रय मछली, मुर्गे	200.00	300.00
3.	ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित फैक्ट्रियां एवं विभिन्न प्रकार की मशीनें–		
	(1) आरा मशीन	1,250.00	1,500.00
	(2) बिस्कुट फैक्ट्री	250.00	500.00
	(3) धान, तेल मशीन, आटा चक्की प्रत्येक (पृथक–2 मोटर)	375.00	500.00
	(4) एक ही मोटर पर प्रति मशीन	200.00	300.00
	(5) लीसा फैक्ट्री	6,000.00	7,000.00
	(6) सौफ्ट स्टोन फैक्ट्री	6,000.00	7,000.00
	(7) मैग्नेसाइड	10,000.00	12,000.00
	(8) सीमेन्ट फैक्ट्री	5,000.00	6,000.00
	(9) शराब की दुकान	25,000.00	30,000.00
	(10) वार्निश की फैक्ट्री	6,000.00	7,000.00
	(11) जूट फैक्ट्री	500.00	700.00
	(12) इलेक्ट्रॉनिक फैक्ट्री	2,500.00	3,000.00
	(13) साबुन फैक्ट्री	300.00	400.00
	(14) जूस, अचार, मुरब्बा उद्योग	2,000.00	3,000.00
4.	अन्य व्यवसाय–		
	1. परचून 10 हजार तक का सामान	150.00	300.00
	2. परचून 10 हजार से अधिक का सामान	250.00	500.00
	3. होटल व्यवसाय, जहाँ ठहरने की व्यवस्था हो और 5 से 10 तक शयन कक्ष हो	1,250.00	2,000.00

1	2	3	4
	4. होटल व्यवसाय, जहाँ ठहरने की व्यवस्था हो और 5 कक्षों तक हो	500.00	1,000.00
	5. बड़े होटल 10 कक्षों से अधिक हों	2,500.00	3,000.00
	6. फर्नीचर की दुकान	500.00	1,000.00
	7. इमारत लोहे की दुकान	650.00	1,000.00
	8. प्लॉस्टिक की सामग्री की दुकान	650.00	800.00
	9. फुटकर सस्ता गल्ला विक्रेता	250.00	500.00
	10. दर्जी/नाई की दुकान	100.00	300.00
	11. बर्तनों की दुकान 10 हजार तक का सामान	150.00	300.00
	12. बर्तनों की दुकान 10 हजार से ऊपर का सामान	250.00	500.00
	13. कपड़े की सामान्य दुकान 10 हजार तक का सामान	200.00	400.00
	14. कपड़े की सामान्य दुकान 10 हजार से ऊपर का सामान	300.00	500.00
	15. रेडीमेड कपड़ों की दुकान	200.00	500.00
	16. आभूषणों की बड़ी दुकान	250.00	500.00
	17. आभूषणों की छोटी दुकान	150.00	300.00
	18. किताबों/स्टेशनरी की दुकान	200.00	500.00
	19. मेडिकल स्टोर बड़ा	300.00	500.00
	20. मेडिकल स्टोर छोटा	200.00	300.00
	21. पेट्रोल पम्प	2,500.00	4,000.00
	22. कृषि उपकरण की दुकान	100.00	300.00
	23. बिजली सामान की दुकान एवं मरम्मत की दुकान	250.00	300.00
	24. सीमेन्ट की दुकान	1,000.00	2,000.00
	25. लोहा, सीमेन्ट की सम्मिलित दुकान	1,250.00	2,500.00
	26. लोहार/बढ़ई की दुकान	100.00	300.00
	27. फेरी व्यवसाय	500.00	700.00
	28. फल/सब्जी विक्रेता	100.00	300.00
	29. हार्डवेयर की दुकान	700.00	1,000.00
	30. थोक विक्रेता, परचून	500.00	1,000.00
	31. सामान मिश्रित दुकान 10 हजार तक का सामान	250.00	500.00
	32. सामान मिश्रित दुकान 10 हजार से ऊपर का सामान	350.00	700.00
	33. हकीम, वैद्य/मेडिकल प्रैक्टिश्नर	250.00	500.00
	34. डिश एन्टीना (केबिल नेटवर्क)	250.00	500.00
	35. ट्रान्सपोर्ट व्यवसाय	2,000.00	3,000.00
	36. फोटो स्टेट मशीन	100.00	300.00
	37. टेलीविजन, रेडियो एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान विक्रेता	300.00	500.00
	38. घड़ीसाज	100.00	200.00
	39. मोटर मैकेनिक	150.00	300.00
	40. साइकिल मरम्मत	100.00	300.00
	41. साइकिल विक्रेता	300.00	500.00
	42. स्टोन कैरियर	3,000.00	5,000.00
	43. पड़ा कोल्हू या उठा कोल्हू प्रति इंजन या मोटर	500.00	1,000.00

1	2	3	4
	44. पी0सी0ओ0 / एस0टी0डी0	150.00	300.00
	45. वाहन सर्विस स्टेशन	500.00	1,000.00
	46. धर्मकाँटा	300.00	500.00
	47. मुर्गा पालन फार्म	500.00	700.00
	48. मछली पालन	200.00	300.00
	49. नर्सिंग होम 10 बेड तक	500.00	1,000.00
	50. नर्सिंग होम 10 बेड अधिक	1,000.00	2,000.00
	51. ईंट के थोक व्यापारी	3,000.00	4,000.00
	52. ईंट के फूटकर बेचने पर	2,000.00	3,000.00
	53. पिक्चर हॉल / वीडियो फिल्म मेकर	1,000.00	2,000.00
	54. सब्जी के थोक विक्रेता	300.00	500.00
	55. जूते की दुकान	150.00	300.00
	56. प्रिंटिंग प्रेस	250.00	500.00
	57. फोटो स्टूडियो / वीडियो फिल्म मेकर	250.00	500.00
	58. मिनी राईस प्लॉन्ट	3,500.00	5,000.00
	59. राइस मिल / फ्लोर मिल	7,000.00	10,000.00
	60. टैन्ट हाउस	500.00	1,000.00
	61. रूई धुनाई मशीन	250.00	500.00
	62. ईंट भट्टा	6,000.00	8,000.00
	63. खाद / रासायनिक दवाओं का विक्रेता	300.00	500.00
	64. रिक्शा प्रति	50.00	75.00
	65. ताँगा प्रति	100.00	150.00
	66. मिठाई की दुकान बड़ी	250.00	500.00
	67. मिठाई की दुकान छोटी	150.00	300.00
	68. भोजनालय छोटा	200.00	300.00
	69. भोजनालय बड़ा	300.00	500.00
	70. पान, बीड़ी, सिगरेट विक्रेता	100.00	200.00
	71. ठेले पर सब्जी फल व्यवसायी	100.00	150.00
	72. गत्ता मिल	250.00	500.00
	73. सैटरिंग सामग्री	1,000.00	1,500.00
	74. कैसेट एवं डबिंग सेन्टर	250.00	500.00
	75. कम्प्यूटर सामाग्री	300.00	500.00
	76. गिफ्ट सेन्टर	200.00	300.00
	77. मार्बल स्टोन दुकान	2,000.00	3,000.00
	78. चूड़ी, चरेऊ एवं सौन्दर्य सामाग्री	200.00	300.00
	79. चाय की दुकान	100.00	150.00
	80. अण्डे के थोक विक्रेता	200.00	300.00
	81. वैल्डिंग मशीन	300.00	500.00
	82. बीयर बार	5,000.00	8,000.00
	83. बिल्डर्स / निर्माण कम्पनी	2,500.00	3,500.00

1	2	3	4
	84. मैरिज हॉल	2,000.00	3,000.00
	85. शोरूम दो पहिया वाहन	5,000.00	8,000.00
	86. शेरूम चार पहिया वाहन	7,000.00	10,000.00
	87. भूसा स्टोर	500.00	700.00
	88. जूता बनाने की दुकान	200.00	350.00
	89. रेता बजरी खनन व्यवसाय	3,000.00	5,000.00
	90. डी0जे0	500.00	700.00
	91. प्लाईवुड	1,000.00	1,500.00
	92. कमीशन एजेण्ट	2,000.00	3,000.00
	93. हवा मशीन	300.00	400.00
	94. कबाड़ (कबाड़ी की दुकान)	2,000.00	3,000.00
	95. खराद मशीन	500.00	700.00
	96. टायर डीलर	2,000.00	3,000.00
	97. ब्यूटी पार्लर	200.00	300.00
	98. शराब के गोदाम		
	(अ) देशी शराब	20,000.00	25,000.00
	(ब) विदेशी शराब	30,000.00	35,000.00
	(स) बियर	10,000.00	15,000.00
	99. होर्डिंग्स	5,000.00	6,000.00
	100. मोबाईल टॉवर	5,000.00	6,000.00
	101. पेन्ट विक्रय	500.00	700.00
	102. कृषि बीज उपकरण	500.00	700.00
	103. मेडिकल स्टोर	500.00	700.00
	104. क्रॉकरी सामाग्री	250.00	350.00
	105. स्टील, प्लॉस्टिक फर्नीचर	300.00	500.00
	106. पैथोलॉजी सेन्टर	200.00	300.00
	107. थोक गल्ला विक्रय	1,000.00	1,500.00
	108. व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान/ट्रेनिंग सेन्टर	500.00	1,000.00
	109. खनन व्यवसाय (पट्टाधारक)	10,000.00	15,000.00
	110. स्टोन क्रेशर मशीन	10,000.00	15,000.00

दण्ड

उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 240 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत, चम्पावत, प्रत्येक ऊपर वर्णित व्यवसाईयों से अपेक्षा करती है कि वे प्रतिवर्ष अपने व्यवसायों के लिए 31 दिसम्बर तक व्यवसायिक लाइसेन्स जिला पंचायत, चम्पावत से प्राप्त कर लें, अन्यथा उसके पश्चात् पच्चीस प्रतिशत सरचार्ज सहित लाइसेन्स निर्गत किये जा सकेंगे। जो व्यक्ति इन उपविधियों का उल्लंघन करेगा, वह अर्थदण्ड का भागी होगा, जो ₹ 1,000 तक होगा। यदि ऐसा उल्लंघन जारी रहा तो अतिरिक्त अर्थ दण्ड से दण्डित होगा, जो प्रतिदिन ₹ 50 होगा। यदि अर्थदण्ड का भुगतान नहीं किया जाता है तो कारागार से दण्डित होगा, जो तीन मास का हो सकेगा।

शेर सिंह परगाई,
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, चम्पावत।

खुशाल सिंह अधिकारी,
अध्यक्ष,
जिला पंचायत, चम्पावत।

कार्यालय जिला पंचायत, नैनीताल

सूचना

03 अक्टूबर, 2015 ई0

संख्या 05/इक्कीस–8/2014–15–उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 239 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत, नैनीताल ने जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में रेता, बजरी, रोडी, गिट्टी व पत्थर आदि ले जाने वाले, एकत्रित करने वाले वाहनों (बैलगाड़ी/तांगा/यूटिलीटी जीप, ट्रक, ट्रैक्टर, ट्राली, कैन्टर, 6 टायर से ऊपर आदि) का नियन्त्रित एवं नियमित करने के उद्देश्य से अधिनियम की धारा 239(2) के अन्तर्गत नियम बनाये जाते हैं। जो शासकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होंगे, जिस किसी सज्जन को उक्त उपनियम के सम्बन्ध में आपत्ति/सुझाव हों तो वे 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति एवं सुझाव कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के उपरान्त किसी भी सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपविधि

यह उपविधि जिला पंचायत, नैनीताल में बहने वाली नदियों, नाले, गधेरे, भूमि पट्टेदारों आदि से निकासी एवं चुगान रेता, बजरी, रोडी, गिट्टी व पत्थर ले जाने वाले, एकत्रित करने वाले वाहनों, जो जिला पंचायत के क्षेत्रान्तर्गत गुजरेंगे व किसी स्थान पर एकत्रित करेंगे, से शुल्क वसूली की उपविधि कहलाएगी।

2. यह उपविधि गजट में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होगी।

3. रेता, बजरी, रोडी, गिट्टी व पत्थर ले जाने वाले वाहनों से शुल्क वसूली जिला पंचायत द्वारा स्वयं अथवा ठेके के माध्यम से की जाएगी। ठेके पर शुल्क वसूली करने की दशा में, ठेके की नीलामी जिला पंचायत, नैनीताल द्वारा की जाएगी और अध्यक्ष, जिला पंचायत, नैनीताल द्वारा नीलामी की स्वीकृति की जाएगी तथा उनका निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

4. जिला पंचायत, नैनीताल के क्षेत्र में रेता, बजरी, रोडी, गिट्टी व पत्थर आदि ले जाने वाले वाहनों के प्रवेश करने, जिला पंचायत क्षेत्र से बाहर ले जाने व जिला पंचायत क्षेत्र में एकत्र करने वाले वाहनों को जिला पंचायत, नैनीताल को निर्धारित शुल्क अदा करना होगा। शुल्क वसूली हेतु अपर मुख्य अधिकारी द्वारा कोई ऐसा स्थान नियत किया जाएगा, जहाँ पर जाम लगने व किसी प्रकार के विवाद की सम्भावना न हो। शुल्क की अदायगी जिला पंचायत द्वारा निर्दिष्ट अधिकारी/कर्मचारी अथवा ठेकेदार द्वारा की जाएगी।

शुल्क की दरें निम्नवत् होंगी:–

	वाहन का नाम	रुपया प्रति फेरी
1.	खच्चर, घोड़ा	₹ 1
2.	बुग्गी/बैलगाड़ी/तांगा	₹ 2
3.	यूटिलिटी जीप प्रति फेरी	₹ 5
4.	ट्रैक्टर/कैन्टर	₹ 10
5.	ट्रक	₹ 15
6.	छः टायर से ऊपर ट्रक	₹ 20

5. जिला पंचायत शुल्क वसूली के लिए ठेके की व्यवस्था कर सकता है, जिसकी अवधि प्रति वर्ष 01 अप्रैल से आगामी 31 मार्च तक होगी।

6. रेता, बजरी, रोडी, गिट्टी व पत्थर आदि ले जाने वाले वाहनों से शुल्क वसूली के लिए जिला पंचायत द्वारा निर्गत रसीद, वाहनों के लिए निर्धारित धनराशि प्राप्त कर प्रदान की जाएगी। यह रसीदें जिला पंचायत द्वारा शुल्क वसूली की दशा में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, नैनीताल द्वारा निर्दिष्ट अधिकारी/कर्मचारी शुल्क प्राप्त कर सम्बन्धित वाहनों को उपलब्ध कराएगा और ठेके के माध्यम से वसूली होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा वाहनों से निर्धारित शुल्क प्राप्त कर वाहनों को उपलब्ध करायेगा।

7. शुल्क या इससे सम्बन्धित व्यवस्था के विषय में शुल्कदाता लिखित रूप से अपर मुख्य अधिकारी/अध्यक्ष के समक्ष आपत्ति कर सकता है। अपर मुख्य अधिकारी/अध्यक्ष के निर्णय के विरूद्ध अपील आयुक्त, कुमाँऊ मण्डल, नैनीताल के समक्ष निर्णय को सूचना मिलने के 15 दिन के अन्दर की जा सकेगी और उस पर दिया गया आयुक्त, कुमाँऊ मण्डल, नैनीताल का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

8. शुल्क वसूली के कार्य को ठेके पर उठाने की दशा में अपर मुख्य अधिकारी, नीलाम समिति के अध्यक्ष होंगे तथा कार्य अधिकारी/कर अधिकारी/वित्तीय परामर्शदाता नीलाम समिति के सदस्य होंगे।

9. यदि शुल्क वसूली का कार्य ठेके पर उठा दिया गया हो तो ठेकेदार को रसीद वही रखना, जिसे पंचायत द्वारा मांगे जाने पर दिखाना होगा। ठेकेदार निर्धारित दर से वसूल करेगा तथा शुल्कदाता को रसीद देगा। ठेकेदार रसीद बही जिला पंचायत, नैनीताल कार्यालय से ही क्रय कर प्राप्त करेगा, जो अपर मुख्य अधिकारी द्वारा निश्चित किया जाएगा।

10. उपर्युक्त उपविधियों के अनुसार रेता, बजरी, रोडी, गिट्टी व पत्थर आदि बिक्री के लिए जाते हुए वाहन मालिक द्वारा शुल्क न देने पर या जाँच के समय प्रमाण स्वरूप शुल्क की रसीद न दिखाने पर शुल्क न दिया गया हो तो ऐसा प्रमाणित होने पर रेता, बजरी, रोडी, गिट्टी व पत्थर आदि जिला पंचायत द्वारा नियुक्त ठेकेदार निर्दिष्ट अधिकारी द्वारा रोक लिया जाएगा या आंशिक रूप से अधिकृत कर लिया जाएगा।

11. यदि रेता, बजरी, रोडी, गिट्टी व पत्थर आदि अधिकार में कर लेने के 15 दिन के अन्दर शुल्क अदा नहीं किया जाता है तो अधिकार में लिया गया माल आवश्यकतानुसार आंशिक रूप से पंचायत द्वारा विक्रय करके शुल्क व्यय सहित पूर्णरूप से वसूल कर लिया जाएगा और शेष माल उसके मालिक का अपर मुख्य अधिकारी या उनके द्वारा अधिकृत के समक्ष जब्त माल को वापसी के लिए प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र देने पर तुरन्त वापस कर दिया जाएगा।

12. यदि उपविधि संख्या 11 के अनुसार अधिकार में लिए गये माल के अंश को बेचे जाने पर भी मालिक अपने माल के शेषांश को लेने के लिए 15 दिन के अन्दर नहीं आता है तो पंचायत द्वारा संचालित वाहन मालिक को एक सप्ताह की लिखित नोटिस देकर उक्त माल का निस्तारण कर दिया जाएगा और प्राप्त धनराशि जिलानिधि में जमा कर दी जाएगी।

13. जिला पंचायत अथवा ठेकेदार द्वारा वाहनों से शुल्क वसूली जिला पंचायत द्वारा नियत किए गये स्थल पर कैम्प/अवरोध कर वसूली करेगा।

14. ठेकेदार का निर्धारित एवं नियमित शुल्क के स्टॉम्प पर ठेके के संचालन हेतु अनुबन्ध करना होगा तथा अनुबन्ध की शर्तों का उल्लंघन होने पर ठेका निरस्त करने का अधिकार अपर मुख्य अधिकारी की संस्तुति पर अध्यक्ष, जिला पंचायत, नैनीताल में निहित होगा।

15. जिला पंचायत अथवा ठेकेदार उक्त उपविधि द्वारा निर्धारित शुल्क की वसूली के समय उपखनिज के अभिवहन सम्बन्धी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत रायल्टी प्रपत्र, जे0एम0, रवन्ना, (एम0एम0 11) अथवा अन्य जो भी लागू हो का निरीक्षण करने के उपरान्त ही शुल्क वसूलेगा। अवैध खनन की दशा में जिला पंचायत अथवा ठेकेदार का दायित्व होगा की वह उक्त को सक्षम अधिकारी को तत्काल सूचित करेगा।

दण्ड

जिला पंचायत, नैनीताल, उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 240 के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निर्देश देती है कि जो व्यक्ति/वाहन मालिक इस उपविधि की किसी धारा का उल्लंघन करेगा तो अर्थदण्ड से दण्डित किया जाएगा, जो ₹ 1,000 (एक हजार रुपये मात्र) तक हो सकेगा और ऐसा उल्लंघन जारी रहेगा तो अतिरिक्त अर्थदण्ड से दण्डनीय होगा, प्रथम दोष सिद्ध होने के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिससे यह सिद्ध हो जाये कि उसमें अपराध करता रहा है ₹ 50 तक हो सकेगा अथवा यदि अर्थदण्ड का भुगतान न किया जाय तो कारावास का दण्ड दिया जायेगा, जो तीन माह तक हो सकेगा।

ह0 (अस्पष्ट)
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, नैनीताल।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 44 हिन्दी गजट/539–भाग 3–2015 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।